चुनरिया माँ की रेशमी कोई गोटा लगाओ रे

चुनरिया माँ की रेशमी कोई गोटा लगाओ रे
हो मैया रानी आ गयी जयकारा लगाओ रे
चनरिया माँ की रेशमी कोई गोटा लगाओ रे

हाथो में लोटा गंगा जल पानी
हो मैया रानी आ गयी सब चरण धुलाओ रे
चुनरिया माँ की रेशमी कोई गोटा लगाओ रे

हाथ में थाली दिया और बाती
हो मैया रानी आ गयी सब ज्योत जलाओ रे
चुनरिया माँ की रेशमी कोई गोटा लगाओ रे

हाथ में थाली चन्दन रोली
हो मैया रानी आ गयी सब तिलक लगाओ रे
चुनरिया माँ की रेशमी कोई गोटा लगाओ रे

हाथ में थाली फूलो वाली
हो मैया रानी आ गयी सब माला पहनाओ रे
चुनरिया माँ की रेशमी कोई गोटा लगाओ रे

हाथ में थाली थाली में चुनरी
हो मैया रानी आ गयी सब चुनरी चढाओ रे
चुनरिया माँ की रेशमी कोई गोटा लगाओ रे

https://visualasterisk.com/bhajan/lyrics/id/20978/title/chunariya-maa-ki-resham-koi-gota-lgaao-re

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |